# एक्वा लाइन पर दो पिंक मेट्रो स्टेशन का दिया तोहफा

## महिलाओं को बेबी फीडिंग रूम, बेबी डायपर चेंजिंग रूम, मेकअप, चेंजिंग रूम की मिलेगी सुविधा

जागरण संवाददाता, नोएडा : नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) में कुल कर्मचारियों की संख्या में करीब 25 फीसद महिलाओं की हिस्सेदारी है। चाहे मेट्रो का संचालन हो, स्टेशन की गतिविधियों को नियंत्रित करना हो, रखरखाव कार्य, रोलिंग स्टॉक एंड ट्रैक्शन, सिविल, ओएचई, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर का कार्य सब जगह महिलाएं बेहतर कार्य कर रही हैं। सेक्टर-76 व परी चौक मेट्रो स्टेशनों पर पूर्ण स्टॉफ महिलाओं का है। यह बात रविवार को एनएमआरसी एमडी रितु माहेश्वरी ने कही। वह एक्वा लाइन पर पिंक स्टेशन के उद्घाटन समारोह में आईं थीं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला यात्रियों की सुविधा के लिए की एनएमआरसी ने दो पिंक स्टेशन (सेक्टर-76, परी चौक) का शुभारंभ कराया। इसके मौके पर मुख्य अतिथि में राजीव गौबा (कैबिनेट सचिव भारत सरकार) की पत्नी पम्मा गौबा व विशिष्ठ अतिथि में आलोक टंडन (तीनों प्राधिरकण चेयरमैन एवं अवस्थपना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त) की पत्नी रीना टंडन, नोएडा प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं एनएमआरसी एमडी रितु माहेश्वरी उपस्थित रहीं। इन स्टेशनों पर एक्वा लाइन की महिला यात्रियों के लिए कई अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध है। इसमें बेबी फीडिंग रूम, बेबी डायपर चेंजिंग रूम, मेकअप, चेंजिंग रूम, सेल्फी प्वाइंट जो महिला यात्रियों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा। यह सभी सुविधाएं सभी महिला यात्रियों के लिए पूरी तरह से मुफ्त में उपलब्ध हैं। इन दोनों स्टेशनों के अलावा एक्वा लाइन के सभी 21 स्टेशनों पर सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें भी लगाई गई हैं। यह मशीनें सेनेटरी नैपकिन को मुफ्त में वितरित करेंगी। महिलाओं को इस सुविधा का उपयोग करने के लिए कोई भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। इस मशीन को संचालित करने के टोकन सभी स्टेशनों के कस्टमर केयर काउंटर पर उपलब्ध होंगे। इसके अलावा जल्द ही तीन और स्टेशनों को पिंक स्टेशन बनाया जा सकता है।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्टर-76 पिंक मेट्रो स्टेशन का शुभारंभ करती पम्मी गौबा (दाएं से दूसरी), रीना टंडन (दाए से पहली) साथ में मौजूद नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी (बाएं से दूसरी) ● जागरण



सेक्टर-76 पिंक मेट्रो स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद रोबोट नीति ● जागरण

### रोबोट के रूप में 'नीति' संभालेगा मेट्रो स्टेशनों की कमान

जागरण संवाददाता, नोएडा : पिंक स्टेशन उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत में रविवार को रोबोट ने नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) की लाइन और कार्यक्रम के बारे में साउंड के जरिए परिचय दिया। रोबोट को नीति का नाम दिया गया है। अब रोबोट को स्टेशनों पर कई व्यवस्थाओं का जिम्मा दिए जाने की तैयारी है। टिकट काउंटर और कस्टमर सेंटर पर रोबोट को बैठाया जाएगा। स्टेशन कितने हैं, कितनी दूरी पर पार्किंग है, बस कहां से मिलेगी जैसे तमाम सवाल रोबोट देगा। रविवार को कार्यक्रम में रोबोट का डिस्पले किया गया। रोबोट का प्रयोग करने वाले मिथ मीडिया के प्रेसीडेंट मिथलेश ने बताया कि इसके हार्डवेयर की कीमत 15 से 20 लाख है। 19 भाषाओं में इसकी प्रोग्रामिंग की जा सकती है। उन्होंने बतया कि रोबोट को विदेश से मंगाते हैं। इसमें प्रोग्राम सेट करते हैं। प्रिंटर से अटैच करने के बाद यह काम करना शुरू कर देता है। यह 24 घंटे काम कर सकता है।

**प[illegible]के मेट्रो स्टेशन**

नोएडा ग्रेनो एक्सटेंशन

सेक्टर-122 सेक्टर-4, गौर सिटी चौक

सेक्टर-123 सेक्टर-12, इकोटेक

सेक्टर-2 ग्रेटर नोएडा

**उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाओं को सम्मानित किया**

| महिला कर्मचारी | श्रेणी |
|---|---|
| अनुप्रिया सैन | बेस्ट स्टेशन कंट्रोलर |
| निशा | बेस्ट फिमेल ट्रेन आपरेटर |
| मधुलिका | रोलिंग स्टॉक सुपरवाइजर |
| अकांक्षा श्रीवास्तव | सिगनलिंग सुपरवाइजर |
| भावना अहिरवाला | इलेक्ट्रिकल मैनटेनर |
| कुसुम देवी | ट्रैक मैनटेनर |
| नेहा राय | सिविल ट्रेक सुपरवाइजर |

### माह के अंत तक शुरू हो सकता मेट्रो एक्सटेंशन का निर्माण

जासं, नोएडा : नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार सेक्टर-71 से नॉलेज पार्क पांच तक का निर्माण मार्च माह में शुरू हो सकता है। इसके लिए निविदा प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसके संकेत रविवार को एनएमआरसी प्रबंधन निदेशक रितु माहेश्वरी ने रविवार को दे दी। उन्होंने कहा कि यह विस्तार दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में नोएडा सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2 तक का निर्माण होगा। दूसरे फेज में ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2 से नॉलेज पार्क-5 तक विस्तार होगा। पहले फेज का निर्माण कार्य मार्च से शुरू हो सकता है। पहले फेज में सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2 तक एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार किया जा रहा है। कॉरिडोर के आधे हिस्से करीब 9.1555 किलोमीटर का विस्तार होगा। इसमें नोएडा के दो व ग्रेटर नोएडा के तीन स्टेशन शामिल हैं। यहां स्टैंडर्ड गेज पर आधारित मेट्रो का संचालन होगा। निर्माण शुरू होने के तीन वर्ष में इसका निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। जबकि पहले फेज के निर्माण में 1,064 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है। वैसे पूरी परियोजना करीब 14.9580 किलोमीटर की है, इस पर कुल नौ स्टेशनों का निर्माण शामिल है, कुल खर्च 2682 करोड़ रुपये है। इसके बाद सेक्टर-142 से बॉटेनिक गार्डन मेट्रो को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पहले फेज में मेट्रो रूट के निर्माण की मंजूरी प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने दिसंबर में दे दी थी।

### होली पर दोपहर दो बजे से चलेगी एक्वा मेट्रो

जासं, नोएडा : नोएडा से ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाली एक्वा लाइन पर होली के दिन 10 मार्च को मेट्रो सेवा दो बजे से शुरू होगी। रविवार को नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) की तरफ से जारी एडवाइजरी के अनुसार मेट्रो का संचालन 15 मिनट में किया जाएगा। सभी स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधा भी दोपहर दो बजे से ही उपलब्ध होगी। प्रतिदिन सुबह छह बजे से एक्वा लाइन मेट्रो पर संचालन होता है, लेकिन होली पर्व पर रंग चलने के दौरान इसका संचालन बंद रहेगा।